ई-मेल/डाक

पत्रांक–स्था0 / वि0–09–06 / 2019........................... /

बिहार सरकार
गृह विभाग
(विशेष शाखा)

प्रेषक,

**अनिमेश पाण्डेय,**
सरकार के संयुक्त सचिव।

सेवा में,

**सभी प्रमंडलीय आयुक्त, बिहार।**
**सभी प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक / पुलिस उप–महानिरीक्षक, बिहार।**
**सभी निदेशालय के महानिदेशक / निदेशक, बिहार, पटना।**
**सभी जिला पदाधिकारी, बिहार।**
**सभी वरीय पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षक, बिहार।**

पटना, दिनांक–............ , 2022

**विषय :– Bihar Biometric Attendance System (BBAS) के क्रियान्वयन के संबंध में।**

**महाशय,**

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में आपका व्यक्तिगत ध्यान दिनांक–08.04.2022 को मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से Bihar Biometric Attendance System (BBAS) के क्रियान्वयन के संबंध में आहूत बैठक में हुई विस्तृत चर्चा के क्रम में दिये गये निदेश की ओर आकृष्ट करते हुए कहना है कि:–

1. राज्य के सभी विभागों के विभिन्न स्तर के क्षेत्रीय कार्यालयों (सचिवालय एवं निदेशालय, जिनमें SecLAN नेटवर्क की सेवा उपलब्ध है, को छोड़कर) में Bihar Biometric Attendance System (BBAS) के माध्यम से सभी कार्यरत सरकारी पदाधिकारी एवं कर्मचारी सहित संविदा के आधार पर नियोजित कर्मियों के दैनिक उपस्थिति की व्यवस्था की जानी है।

2. विदित है कि उपर्युक्त प्रणाली में बेल्ट्रॉन द्वारा चयनित कम्पनी M/s. e- Connect Solutions Pvt. Ltd द्वारा तैयार की गई Software का प्रयोग किया जाना है। इस क्रम में BBAS Portal – bbas.bihar.gov.in पर उपलब्ध Video Manual एवं User Manual तथा Software से जुड़े Sporting Document से BBAS के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। **साथ ही M/s. e- Connect Solutions Pvt. Ltd द्वारा सरदार पटेल भवन, बेली रोड, पटना स्थित BBAS का Help-Desk (सम्पर्क संख्या–08045686957) को दिनांक–01.04.2022 से पूर्णतः चालू किया जा चुका है।**

3. सभी क्षेत्रीय कार्यालयों के CFMS Admin ही BBAS के नोडल पदाधिकारी होंगे, जो BBAS Portal – bbas.bihar.gov.in पर Log in करके Manuals को Download कर सकते हैं। सभी CFMS Admin का default Password-BBAS@123 है।

4. दिनांक–19.04.2022 को 11:30 बजे पूर्वाह्न में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से क्षेत्रीय कार्यालयों के BBAS के नोडल पदाधिकारी, Master Trainer (स्थापना उप समाहर्त्ता / डी0आई0ओ0 / आई0टी0 मैनेजर) एवं सभी विभाग के आई0टी0 मैनेजर को आई0टी0 मैनेजर, गृह विभाग, बिहार, पटना, PMU, Beltron तथा परियोजना प्रबंधक, M/s. e- Connect Solutions Pvt. Ltd द्वारा BBAS का प्रशिक्षण दिया जायेगा।

5. बेल्ट्रॉन द्वारा BBAS Application के क्रियान्वयन हेतु निम्न तीन मानक वाले Biometric Devices चिन्हित किये गये हैं, जिनका क्रय सभी क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा कार्यरत कर्मियों की संख्या के आधार पर पर्याप्त संख्या में स्वयं किया जाना अपेक्षित है:–

| SL.No | Make | Model |
|---|---|---|
| 1. | Fortuna | Micro BEN Bio |
| 2. | eSSL | Silk Bio 101 TC |
| 3. | Mantra | MFS TAB 3G/4G |

(2)

6. Biometric Device के आपूर्तिकत्ताओं द्वारा BBAS के सॉफ्टवेयर के साथ Integrate कर क्षेत्रीय कार्यालयों में पूर्व से चिन्हित स्थानों पर Biometric Devices का अधिष्ठापन (Installation /Configuration) सुनिश्चित कराने के उपरान्त अंतिम भुगतान किया जाना होगा।
7. यद्यपि अधिकतम 40 कर्मियों पर एक Biometric Device का आकलन किया गया है, फिर भी प्रत्येक कार्यालय द्वारा आवश्यतानुसार पर्याप्त संख्या में Biometric Devices का क्रय किया जाना होगा।
8. सर्वप्रथम सभी क्षेत्रीय कार्यालय के BBAS के नोडल पदाधिकारी द्वारा अपने–अपने कार्यालय में कार्यरत सभी सरकारी पदाधिकारी एवं कर्मचारी सहित संविदा के आधार पर नियोजित कर्मियों के दस उंगलियों के Finger Print को Biometric Device के माध्यम से Enrollment/पंजीकरण की प्रक्रिया ससमय पूर्ण कर ली जानी होगी।
9. Enrollment/पंजीकरण का कार्य पूर्ण होने पर संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों में दैनिक उपस्थिति दर्ज करने की कार्रवाई प्रारंभ की जा सकेगी। सभी सरकारी पदाधिकारी एवं कर्मचारी सहित संविदा के आधार पर नियोजित कर्मियों द्वारा प्रतिदिन अपने–अपने कार्यालयों में उपस्थिति ससमय दर्ज की जानी अपेक्षित होगी।
10. Bihar Biometric Attendance System (BBAS) के सफल एवं समुचित क्रियान्वयन हेतु विभिन्न अव्यवों के संबंध में कार्रवाई हेतु निर्धारित समय–सीमा का अनुपालन आवश्यक होगा, जिसकी विवरणी निम्नवत है:–

**समय–सीमा (Time-line)**

| क्र0सं0 | समय सीमा | कार्रवाई |
|---|---|---|
| 1. | 19 अप्रैल, 2022 को 11:30 बजे पूर्वाहन में प्रशिक्षण | क्षेत्रीय कार्यालयों के BBAS का नोडल पदाधिकारी, मास्टर ट्रेनर (स्थापना उप–समाहर्ता/डी0आई0ओ0/आई0टी0 मैनेजर) एवं सभी विभागों के आई0टी0 मैनेजर को BBAS का प्रशिक्षण V. C. के माध्यम से आई0टी0 मैनेजर, गृह विभाग, बिहार, पटना एवं PMU, बेल्ट्रॉन तथा परियोजना प्रबंधक, ई–कॉनेक्ट सो0प्र0लि0 द्वारा दिया जायेगा। |
| 2. | 25 अप्रैल, 2022 तक | सभी क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा अपने CFMS Admin को BBAS का नोडल पदाधिकारी नामित कर लिया जाय। |
| 3. | 05 मई, 2022 तक | Biometric Device का क्रय कर लिया जाय। |
| 4. | 20 मई, 2022 तक | Biometric Device का Installation कार्य पूर्ण कर लिया जाय। |
| 5. | 01 जून, 2022 से | सभी क्षेत्रीय कार्यालय में Biometric Attendance दर्ज करने की कार्रवाई प्रारंभ किया जाय। |

सुलभ संकेत हेतु Work Flow की प्रति संलग्न कर अनुरोध है कि Bihar Biometric Attendance System (BBAS) के क्रियान्वयन हेतु समय–सीमाबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित कराने एवं दिनांक–01.06.2022 से BBAS प्रणाली के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराने की प्रक्रिया प्रारंभ कराने की दिशा में सभी संबंधित को आवश्यक निदेश देने की कृपा की जाय। इसके अतिरिक्त क्षेत्रीय नोडल पदाधिकारी का नाम एवं सम्पर्क संख्या जिला स्तर पर संधारित कराने तथा BBAS प्रणाली के कार्यान्वयन से संबंधित कठिनाई के निराकरण हेतु BBAS का Help-Desk (सम्पर्क संख्या–08045686957 पर सोमवार से शनिवार तक 10:00 पूर्वाहन से 05:00 अपराहन तक) से सम्पर्क करने का निदेश देने की कृपा की जाय।

**अनु0:–यथोक्त।**

विश्वसभाजन

ह0/–

**(अनिमेश पाण्डेय)**

सरकार के संयुक्त सचिव।

**ज्ञापांक–** स्था0 / वि0–09–06 / 2019............................ /                पटना, दिनांक–...............2022

प्रतिलिपिः–सभी अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव, बिहार, पटना / पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना / प्रबंध निदेशक, बेल्ट्रॉन, बिहार, पटना / सभी विभागाध्यक्ष, बिहार, पटना / निदेशक, NIC, बिहार, पटना को अनुलग्नक सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0 / –

**सरकार के संयुक्त सचिव।**

**ज्ञापांक–** स्था0 / वि0–09–06 / 2019............................ /                पटना, दिनांक–...............2022

प्रतिलिपिः– संयुक्त सचिव, गृह विभाग (विशेष शाखा) / अवर सचिव, गृह विभाग (आरक्षी शाखा) / अपर मुख्य सचिव के आप्त सचिव, गृह विभाग / सचिव के आप्त सचिव, गृह विभाग (आरक्षी / विशेष शाखा) / विशेष सचिव के आप्त सचिव, गृह विभाग (विशेष शाखा) / आई0टी0 प्रबंधक, गृह विभाग, बिहार, पटना / M/s. e- Connect Solutions Pvt. Ltd. Transit Building, सरदार पटेल भवन, बेली रोड, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0 / –

**सरकार के संयुक्त सचिव।**

**ज्ञापांक–** स्था0 / वि0–09–06 / 2019...3632....... /                पटना, दिनांक–11/04/2022

ईमेल

प्रतिलिपिः–राज्य सूचना विज्ञान पदाधिकारी, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (NIC), बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। साथ ही अनुरोध है कि दिनांक–19.04.2022 को 11:30 बजे पूर्वाह्न में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से निर्धारित प्रशिक्षण के लिए संबंधित लाईन को आरक्षित करने की कृपा की जाय।

**सरकार के संयुक्त सचिव।**

Offices first purchase biometric devices of any selected oems

↓

1 dedicated desktop ( local server ) for installation of BBAS application

↓

Lan connectivity between desktop and Biometric device

↓

CFMS admin login credential for offices to download bbas software .Only CFMS Office admin will have the privilege to download BBAS application on successful login on BBAS portal. Before downloading BBAS Application Offices must ensure the availability of Biometric devices

↓

Device will configured by respective Oem (enrollment, patch etc.) and sync data with BBas Desktop application6-BBAS helpdesk support number 08045686957